# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com

**वाराणसी विकास प्राधिकरण से सम्बन्धित दिनांक 29.04.2025 को वाराणसी शहर में प्रकाशित न्यूज पेपर",अमर उजाला,दैनिक जागरण,हिन्दुस्तान,परफेक्ट मिशन,"समाचार पत्र कटिंग का विवरण।**

## अमर उजाला–दि0 29.04.2025

### अवैध निर्माण सील कर पुलिस को सौंपा

**वाराणसी।** चेतगंज वार्ड के रमाकांत नगर में कंचन पाठक की ओर से बिना मानचित्र स्वीकृत कराए अवैध निर्माण कराया जा रहा था। जोनल अधिकारी सौरभ देव प्रजापति के अनुसार, इसे सील कर दिया गया है। सिकरौल वार्ड के कुंज विहार कॉलोनी में अनिल कुमार सिंह की ओर से अवैध निर्माण किया जा रहा था। जिसे सील कर पुलिस अभिरक्षा में दिया गया। ऐढ़े रिंग रोड के पास अमरेंद्र सिंह की ओर से अवैध निर्माण कराया जा रहा था। आगे भी कार्रवाई की जाएगी। ब्यूरो


## अमर उजाला–दि0 29.04.2025

### कैंट स्टेशन पर वीडीए लगाएगा 5 स्कल्पचर

**वाराणसी।** कैंट रेलवे स्टेशन के पांच प्लेटफॉर्म पर वीडीए की ओर से स्कल्पचर लगाए जाएंगे। सोमवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने निरीक्षण किया। उनके साथ स्टेशन निदेशक अर्पित गुप्ता रहे। वीडीए उपाध्यक्ष ने बताया कि कीर्ति स्तंभ, स्टैंडिंग नंदी, वी फॉर वाराणसी, स्तूप स्कल्पचर लगाए जाएंगे। प्लेटफॉर्म संख्या 9, प्लेटफॉर्म 4-5, प्लेटफॉर्म 10-11 के बीच, एंट्री गेट नंबर वन के पास इन्हें लगाया जाएगा। दोनों अधिकारियों ने स्थानों के अलावा टिकट काउंटर के अंदर के भाग का निरीक्षण किया। ब्यूरो

## दैनिक जागरण–दि0 29.04.2025

### कैंट रेलवे स्टेशन पर विकास प्राधिकरण लगाएगा स्कल्पचर




कैंट रेलवे स्टेशन पर निरीक्षण करते वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग और स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता। जागरण

**जागरण संवाददाता, वाराणसी** : कैंट रेलवे स्टेशन पर आने-जाने वाले पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए वाराणसी विकास प्राधिकरण स्कल्पचर लगवाएगा। सोमवार को वीडीए उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग ने कैंट रेलवे स्टेशन के डायरेक्टर अर्पित गुप्ता के साथ प्लेटफार्म पर भ्रमण कर स्थान देखा। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्लेटफार्म नंबर चार व पांच, नौ, 10 और 11 पर प्रवेश गेट के पास स्थान देखा गया। इन स्थानों पर कीर्ति स्तंभ, स्टैंडिंग नंदी, वी फार. वाराणसी, स्तूपा आदि स्कल्पचर लगाया जाएगा।



राष्ट्रीय चिह्न की प्रतिकृति। जागरण

## दैनिक जागरण–दि0 29.04.2025

### विकास प्राधिकरण ने अवैध निर्माण किया सील

**वाराणसी** : वाराणसी विकास प्राधिकरण उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग के निर्देश पर सोमवार को अवैध निर्माण करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की। जोन तीन के जोनल अधिकारी सौरभ कुमार ने बताया कि चेतगंज वार्ड के रमाकांत नगर में कंचन पाठक अवैध तरीके से निर्माण कर रहे थे। उक्त भवन को पुलिस अभिरक्षा में सौंप दिया गया। जोन एक जोनल अफसर शिवाजी मिश्रा ने बताया कि सिकरौल में रिंग रोड के पास एढ़े में अमरेंद्र सिंह अवैध निर्माण कर रहे थे।

# वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी

राजा उदय प्रताप मार्ग पन्ना लाल पार्क वाराणसी-221002

Ph: 0542-2283305/06, Fax: 0542-2283307, E-mail: vdavaranasi@gmail.com, Website:www.vdavns.com


## हिन्दुस्तान–दि0 29.04.2025

# सिकरौल वार्ड में दो मकान सील किए

वाराणसी। बिना नक्शा पास कराए सिकरौल में अवैध रूप से बन रहे दो मकान को वीडीए ने सील कर दिया है। यहां पर कुंज विहार कॉलोनी में अनिल कुमार सिंह बेसमेंट का निर्माण कर स्लैब डालते हुए कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण करा रहे थे। रिंगरोड उत्तर वार्ड के ऐढ़े में अमरेन्द्र सिंह अवैध निर्माण कर रहे थे। इसे सील किया गया है।

## परफेक्ट मिशन–दि0 29.04.2025

# वीडीए उपाध्यक्ष ने कैंट स्टेशन पर स्कल्पचर स्थापना स्थल का किया निरीक्षण

**परफेक्ट मिशन**



**वाराणसी।** वाराणसी विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष पुलकित गर्ग एवं स्टेशन डायरेक्टर अर्पित गुप्ता ने सोमवार को संयुक्त रूप से कैंट रेलवे स्टेशन का भ्रमण कर स्टेशन परिसर में वी0डी0ए0 द्वारा प्रस्तावित स्कल्पचर की स्थापना का अवलोकन किया। प्लेटफॉर्म संख्या 9, प्लेटफॉर्म 4-5 एवं प्लेटफॉर्म 10-11 के बीच स्थित क्षेत्र, एंट्री गेट-1 एवं टिकट काउंटर के अंदर के भाग का भ्रमण किया गया। इन स्थलों पर कीर्ति स्तम्भ, स्टैंडिंग नंदी, वी फॉर वाराणसी, तथा स्तूपा जैसे स्कल्पचर की स्थापना का प्रस्ताव है।

# जोन 1 की प्रवर्तन टीम ने सिकरौल वार्ड में दो निर्माणो को किया सील



**वाराणसी ( परफेक्ट मिशन )।** वीडीए उपाध्यक्ष के निर्देश के क्रम में वाराणसी विकास प्राधिकरण वाराणसी जोन-1, वार्ड- सिकरौल की प्रवर्तन टीम द्वारा सोमवार को अवैध निर्माण के विरुद्ध सील की कार्यवाही की गयी और सम्बन्धित थाने की अभिरक्षा में सुपुर्द किया गया। मौके पर जोनल अधिकारी शिवा जी मिश्रा, अवर अभियंता रोहित प्रवर्तन टीम उपस्थित रही।सील बंद कराये गये निर्माणों मेंवार्ड-सिकरौल में अनिल कुमार सिंह, द्वारा मौजा-कुन्ज विहार कॉलोनी, थाना - शिवपुर में लगभग 30×60 वर्गफिट के क्षेत्रफल में बेसमेंट का निर्माण कर (बी+जी+2) स्लैब डालते हुए कालम पर बिना स्वीकृति मानचित्र के निर्माण कार्य किये जाने पर अवैध निर्माण को सील किया गया इसी क्रम में वार्ड-सिकरौल में अमरेन्द्र सिंह, द्वारा मौजा-एढ़े, रिंगरोड के उत्तर वार्ड -सिकरौल,थाना - शिवपुर में लगभग 50×50 वर्गफिट के क्षेत्रफल में (बी+जी+3) का निर्माण किया जा रहा था उक्त अवैध निर्माण को सील किया गया।